सौर ऊर्जा से रोशन हुआ रिउसा का व्यापार

■ दरख्शां कदीर सिद्दीकी, सीतापुर : सौर ऊर्जा से सीतापुर के छोटे से गांव रिउसा का व्यापार चमक उठा है। गांव के सैकड़ों घर सौर ऊर्जा की मदद से रौशन हो रहे हैं। रिउसा में 40 मेगावॉट के सोलर पावर प्लांट से 100 ग्रामीणों को 24 घंटे बिजली मिल रही है।

गुड़ कारखाने के मालिक मो. हाकिम ने बताया कि वो 20 साल से कारखाना चला रहे हैं। बिजली की सप्लाई अच्छी न होने से कई बार मशीन रोकनी पड़ती थी। अब सोलर से सप्लाई मिलने से पिराई की क्षमता बढ़ गई है। ऐसे ही ढाबा मालिक नूर मोहम्मद बताते हैं कि पहले बिजली न मिलने से जल्दी ढाबा बंद करना पड़ता था। अब 11 बजे तक लोग खाना खाने आते हैं। बताया कि इसके साथ ही एक आरा मशीन भी पावर प्लांट से चलती है।

सीतापुर में गुड़ बनाने का कारखाना और आरा मशीन हो रही संचालित

रात में भी मिलती है बिजली

रिउसा में टाटा की टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड लिमिटेड ने यह प्लांट स्थापित किया है। कंपनी की ऑपरेशनल हेड सुगाता ने बताया कि सामान्य तौर पर लोग समझते हैं कि सूरज की रोशनी दिन में रहती है। ऐसे में रात में सोलर प्लांट से बिजली नहीं मिलेगी, जबकि दिन में सूरज की बनाई हुई बिजली को ग्रिड में सुरक्षित कर रात में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। सीईओ मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य गांव में बिजली नहीं आने से जिन लोगों के लघु और सूक्ष्म उद्योगों को नुकसान पहुंचता है उन तक पहुंचना है, जिससे उनका व्यवसाय अच्छे से चल सके।